तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 जून 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 ऑपरेशन के दौरान गलत इंजेक्शन लगाने से शिशु एवं प्रसूता की मौत




## खबर संक्षेप

### हल्की बारिश ने बढ़ाई उमस, आमजन हलाकान

**बैकुण्ठपुर।** उमस भरी गर्मी के बीच मानसून की दस्तक जल्द ही दस्तक देने वाली है। इसके पूर्व कोरिया जिले के विभिन्न जगहों पर हुई बारिश ने लोगों को राहत दी। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि में कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में तेज हवाओं के साथ अच्छी बारिश कुछ मिनट तक हुई। इसके बाद चलने वाली वाली हवाओं भी बड़ी राहत उमस गर्मी से मिली। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को भी जिले के कई क्षेत्रों में बारिश हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर के समय कोरिया जिले के सोनहत जनपद के कई क्षेत्रों मं उमड़ते घूमड़ते बादलो एवं मेघ गर्जना के बीच कुछ देर की बारिश हुई, इसके बाद मौसम में ठंडक घुल गई। इसके अलावा बैकुंठपुर जनपद अंतर्गत भी कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई ,जिससे उमस भरी गर्मी से क्षेत्र के लोगों को राहत मिली। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 15 जून से मानसूनी बारिश की शुरूआत हो गई थी इसके बाद लगातार बारिश का क्रम चलता रहा, लेकिन इस बार मानसून की थोड़ी देरी के कारण अब तक झमाझम बारिश का इंतजार है। झमाझम बारिश होने के साथ ही खेतों में किसानों के हल चलने शुरू हो जाएंगे।

### भूमि आवंटित करने के प्रस्ताव पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**अनूपपुर।** कोतमा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मझौली के ग्राम छतवाई में शासकीय भूमि को निजी कंपनी को आवंटित किए जाने के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित भूमि आवंटन प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम छतवाई की विभिन्न खसरा नंबरों की लगभग 51.15 हेक्टेयर शासकीय भूमि निजी कंपनी को आवंटित किए जाने का प्रस्ताव सामने आया है। इस भूमि का उपयोग वर्षों से ग्रामीणों द्वारा पशुओं की चराई, आवागमन तथा अन्य सामुदायिक आवश्यकताओं के लिए किया जाता रहा है।

### पुलिस का अवैध कारोबारियों पर चौतरफा प्रहार

**अनूपपुर।** जिले में अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के सख्त निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस ने अवैध गतिविधियों के विरूद्ध चौतरफा कार्रवाई की है। थाना प्रभारी विकास सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर जुआ फड़, अवैध रेत व कोयला तस्करों सहित लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों पर कानून का शिकंजा कसा है। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मच गया है। खनिज माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिजुरी पुलिस ने धनिया ठेला तिराहा पर घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने एक बिना नंबर के महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। वाहन चालक प्रमोद अगरिया रेत परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या रॉयल्टी पर्ची पेश नहीं कर सका। पुलिस ने 3 घन मीटर अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया, जिसकी कुल कीमत लगभग 5.05 लाख रूपए आंकी गई है। आरोपी के विरूद्ध बीएनएस भारतीय न्याय संहिता एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### शिकायतों का तत्काल करें निराकरण : पाण्डेय

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों को कहा है कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेकर उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करायें, उन्होने कहा कि सीएम हेल्प लाईन 1076 समस्या तुंहर-समाधान हमर में प्राप्त शिकायतें हम सबके लिये सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है।

## नकोर्ड व नशा मुक्त भारत अभियान बैठक, कलेक्टर ने विभागों को सौंपी जिम्मेदारियां

# नशे के अवैध कारोबार पर हो कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में नार्को समन्वय केन्द्र एनसीओआरडी तथा नशा मुक्त भारत अभियान एनएमबीए की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की रोकथाम, अवैध तस्करी पर नियंत्रण तथा विभागीय समन्वय को सुदृढ़ बनाने के लिए पुर्नगठित व्यवस्था के तहत विभिन्न एजेंडों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में किसी भी स्थिति में अवैध नशे का सेवन, बिक्री, परिवहन, भंडारण एवं तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि नार्को समन्वय केन्द्र एनसीओआरडी केन्द्र एवं राज्य स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध खेती, उत्पादन, भंडारण, परिवहन तथा नशे के दुरूपयोग की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की महत्वपूर्ण व्यवस्था है। इसके पुर्नगठन का उद्देश्य पुलिस, राजस्व, आबकारी, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच सूचना आदान-प्रदान तथा संयुक्त कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाना है। कलेक्टर ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों को नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरण निरन्तर चलाने के निर्देश दिए।




### दूरस्थ वन क्षेत्रों में अवैध गांजा खेती पर रखी जाएगी नजर

बैठक में कलेक्टर ने वन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि दूरस्थ एवं संवेदनशील वन क्षेत्रों में अवैध गांजा तथा अन्य मादक पदार्थों की खेती पर विशेष निगरानी रखी जाए। वनमंडलाधिकारी को निर्देश दिए गए कि बीट गार्ड एवं फॉरेस्ट गार्ड के माध्यम से नियमित निगरानी सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल प्रशासन एवं पुलिस विभाग को अवगत कराएं।

### सिंथेटिक ड्रग्स से जुड़े उद्योगों की होगी निगरानी

जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र को निर्देशित किया गया कि ड्रग्स उत्पादन से संबंधित किसी भी उद्योग या इकाई के पंजीयन की जानकारी संबंधित एजेंसियों को तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सिंथेटिक ड्रग्स के उत्पादन, भंडारण एवं विक्रय गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए ताकि किसी भी अवैध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को जिले में अफीम, डोडाचूरा एवं अन्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नारकोटिक्स से जुड़े गिरोहों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में लंबित गांजा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पूर्व से नष्टीकरण के लिए लंबित 206 गांजा प्रकरणों का शीघ्र अधिकृत समिति के माध्यम से नष्टीकरण कराने के निर्देश भी दिए।

### युवाओं और विद्यार्थियों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि नशामुक्ति केन्द्रों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही प्रत्येक माह युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों के बीच मादक पदार्थों केक दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिला खाद्य एवं औषधि नियंत्रण अधिकारी को निर्देश दिए गए कि ऐसे मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच की जाए, जहां बिना चिकित्सकीय प्रिस्क्रिप्शन के नशीली दवाओं का विक्रय किया जा रहा हो। उन्होंने ऐसे प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा सिंथेटिक ड्रग्स के क्रय, विक्रय एवं भंडारण की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सिंथेटिक ड्रग्स एवं अन्य अवैध नशीली दवाओं के उत्पादन, विक्रय, भंडारण और परिवहन पर सतत निगरानी रखी जाए। साथ ही प्रतिमाह मेडिकल स्टोर्स की सरप्राइज जांच कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए व्यापक जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को समन्वित प्रयास करते हुए जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए।

# 162 ग्राम पंचायतों में होगी ग्राम सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 24 जून को कोरिया जिले की सभी 162 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्राम सभाओं में जनहित और ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक जनसहभागिता के साथ ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास से जुड़े निर्णयों में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है, इसके लिए ग्राम सभाओं के आयोजन संबंधी व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक वाचन एवं अवलोकन किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को सूची की जानकारी पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो सकेगी। इसके पश्चात ग्राम सभा द्वारा शासन की निर्धारित मार्गदर्शिका के अनुसार पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों से प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का नियमानुसार परीक्षण कर उनका निराकरण किया जाएगा। ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद स्थायी प्रतीक्षा सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। ग्राम सभा में मनरेगा के उन्नत स्वरूप विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबीजीआरएम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। ग्रामीणों को योजना के उद्देश्य, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में प्रत्येक पात्र परिवार को 125 दिवस तक रोजगार उपलब्ध कराने तथा रोजगार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने जैसे प्रावधानों पर भी चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि ग्राम पंचायतों की आर्थिक मजबूती के लिए कर अधिरोपण और कर संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाना आवश्यक है। ग्राम सभा में समर्थ पंचायत पोर्टल के माध्यम से कर अधिरोपण प्रणाली को लागू करने तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संपत्ति कर अधिरोपण को अनिवार्य रूप से लागू करने संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

■ आवास प्लस 2.0 की प्रतीक्षा सूची से लेकर ग्राम विकास के 18 महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा

ग्राम सभा के दौरान ग्राम पंचायतों की पिछली तिमाही की आय एवं व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही गत वर्ष किए गए विकास कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट का वाचन भी किया जाएगा। बैठक में चराईबंदी, बकाया राजस्व वसूली, अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का निराकरण, पंचायत उन्नति सूचकांक में सुधार, जनभागीदारी को बढ़ावा, पारदर्शिता सुनिश्चित करने, जन्म-मृत्यु पंजीयन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था तथा खाद्यान्न वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। ग्राम सभाओं में पूर्व बैठक के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति सहित कुल 18 महत्वपूर्ण विकासात्मक विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से ग्राम सभाओं को जनभागीदारी आधारित, पारदर्शी और परिणाममुखी बनाने की अपील करते हुए कहा है कि ग्राम सभा ग्रामीण स्वशासन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और इसके माध्यम से गांवों के समग्र विकास की दिशा तय होती है।

## तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी में सभी वर्गों की रही सहभागिता




**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 15 जून से 17 जून 2026 तक मानस भवन, बैकुंठपुर में उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

■ पीएम के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन

प्रदर्शनी के दूसरे दिन जिला कलेक्टर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी प्रदर्शनी स्थल पहुंचे हुए थे, वहीं फोटो प्रदर्शनी के अंतिम दिन बड़ी संख्या में आम नागरिकों एवं स्कूली बच्चों ने पहुंचकर इसका अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं जनहितकारी नेतृत्व में संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के प्रयासों को फोटो प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। शासन के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को आकर्षक फोटो पैनलों एवं एलईडी प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी में किसान कल्याण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खातों में करोड़ो रुपये की सम्मान राशि अंतरण, किसानों को लागत का कम से कम डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, कृषि निर्यात को बढ़ावा तथा किसानों एवं व्यापारियों के ई-नाम पोर्टल पर पंजीकरण जैसी उपलब्धियों की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोगों ने कहा सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में जो जानकारी मिली है, वह बेहद शानदार है, योजनाओं की जानकारी अब अन्य लोगों को भी दी जाएगी।

## सारा के स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव




**बैकुण्ठपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सारा में 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। नव प्रवेश बच्चों का पुष्प ,तिलक और बैज लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। शाला के शिक्षकों द्वारा अपने हाथों से सजाए गए 'फर्स्ट डे ऑफ स्कूल सेल्फी प्वाइंट' में बच्चों को क्राउन पहनाकर उनकी सल्फी ली गई और मुंह मीठा कराया गया। आयोजन में शाला की प्रधान पाठक सुनीता तिर्की, बालक छात्रावास अधीक्षक भूतपूर्व सैनिक गौरीशंकर साहू, शिक्षिका नीतू कुशवाहा, शिवेंद्र कुमार पाण्डेय, इंद्रमन मिर्जा, पूजा कश्यप , शासकीय प्राथमिक शाला बंगालीपारा के शिक्षक मरकुस बेलसाजर , किशन सोनी आदि शामिल रहे।

## 27 लोगों को मिला पीएम राहत योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की पीएम राहत के अंतर्गत कोरिया जिले में अब तक 27 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जा चुका है। सड़क दुर्घटनाओं के बाद 'गोल्डन ऑवर' के दौरान समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा यह योजना लागू की गई है, जिसके तहत सड़क दुर्घटना के शिकार पात्र व्यक्तियों को अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार तथा 7 दिनों तक निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है। यह सुविधा आयुष्मान भारत से पंजीकृत एवं सभी शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध है। कोरिया जिले में योजना के अंतर्गत अब तक 27 सड़क दुर्घटना पीड़ित लाभान्वित हुए हैं। इनमें से 12 बीमित वाहनों से संबंधित मामलों में उपचार व्यय का भुगतान जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के माध्यम से किया गया है। वहीं, गैर-बीमित वाहनों से संबंधित प्रकरणों में जिला प्रशासन द्वारा 37,990 रुपए का भुगतान किया गया है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर अस्पताल में प्रकरण का टीएमएस 2.0 पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है। साथ ही निकटतम पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करानी होती है।

■ गोल्डन ऑवर के दौरान समय पर चिकित्सा उपलब्ध कराना अत्यंत महत्वपूर्ण

पुलिस द्वारा प्रकरण को ई-डीएआर एप्लीकेशन में दर्ज एवं अनुमोदित किए जाने के बाद हितग्राही योजना के अंतर्गत उपलब्ध स्वास्थ्य लाभ पैकेजों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें, ताकि गोल्डन ऑवर के दौरान समय पर उपचार उपलब्ध हो सके और बहुमूल्य जीवन बचाए जा सकें।

## कोरिया के युवराज का लखनऊ में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगहना में पदस्थ व्याख्याता एवं कोया पुनेम गोंडवाना महासभा इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज सिंह कमरो के सुपुत्र युवराज सिंह कमरो ने लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित अंडर-15 क्रिकेट मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है।

युवराज ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों क्षेत्रों में प्रभावी प्रदर्शन किया। युवराज सिंह कमरो ने जेवीसीएस क्रिकेट एकेडमी छत्तीसगढ़ की टीम से खेलते हुए अलग-अलग मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 10 जून को पं. राज बिहारी तिवारी स्टेडियम लखनऊ में यूनिटी क्रिकेट एकेडमी उत्तर प्रदेश के खिलाफ 40 ओवर के मुकाबले में छठवें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए युवराज ने 18 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 25 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 138.8 रहा। गेंदबाजी में उन्होंने 6 ओवर में 72 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। 11 जून को देवगाउंड लखनऊ में स्पोर्ट्स गैलेक्सी बी एकेडमी के खिलाफ युवराज ने 10वें विकेट पर खेलते हुए 8 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 17 रन बनाए और अपनी टीम के लिए सर्वाधिक स्कोर करने वाले बल्लेबाज रहे। वहीं गेंदबाजी में 5 ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया। 12 जून को पं. राज बिहारी तिवारी स्टेडियम में टीएस क्रिकेट एकेडमी उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में युवराज ने 9वें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 11 रन बनाए। गेंदबाजी में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 ओवर में 38 रन देकर 3 विकेट झटके और टीम के हाईएस्ट विकेट टेकर रहे। वहीं 13 जून की रात मल्टी एक्टिविटी सेंटर लखनऊ में अजुर्ना क्रिकेट एकेडमी ब्लू के खिलाफ टी-20 मुकाबले में युवराज ने 8वें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 24 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इस मैच में भी वह अपनी टीम के उच्चतम स्कोरर रहे। चार मुकाबलों में युवराज ने 54 गेंदों में 77 रन बनाए, उनका स्ट्राइक रेट 142.59 रहा। वहीं गेंदबाजी में तीन मैचों में 6 विकेट लेकर उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। युवराज के इस प्रदर्शन से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह है और उन्हें भविष्य का होनहार क्रिकेट खिलाड़ी माना जा रहा है।



## महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# असाटी महिला समिति का समर कैंप व योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

अखिल भारतीय असाटी महासभा महिला समिति के निर्देशानुसार मनेन्द्रगढ़ में असाटी महिला समिति द्वारा समर कैंप एवं योग कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। समाज की महिलाओं और बेटियों की सक्रिय भागीदारी से आयोजित यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि स्वास्थ्य, आपसी समन्वय और सामाजिक एकता को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन समिति सदस्य श्रीमती हेमलता गुप्ता के निवास पर किया गया, जहां समाज की महिलाओं ने काफी संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। समर कैंप के अंतर्गत विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां और खेल प्रतियोगिताएं




आयोजित की गइं। महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ खेलों में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजित दो रोचक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली श्रीमती अभिलेख गुप्ता और श्रीमती पिंकी गुप्ता को विजेता घोषित करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण योग सत्र रहा। समाज की बेटी सिद्धि गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं को योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, तनाव कम होता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके बाद उन्होंने सभी महिलाओं को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास भी कराया। महिलाओं ने पूरे मनोयोग से योग सत्र में भाग लिया और इसे बेहद उपयोगी बताया। योग एवं समर कैंप के पश्चात महिला समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाने तथा महिलाओं के बीच आपसी सहभागिता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया


⏭ शेष पेज 4 पर


## सीएम से मिले युवा नेता राहुल

### बैकुंठपुर के विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा

**बैकुण्ठपुर।** छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भाजपा युवा नेता राहुल खटीक ने रात्रि के समय सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान बैकुंठपुर नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

राहुल खटीक ने मुख्यमंत्री को बैकुंठपुर नगर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा जनहित एवं नगर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। साथ ही बैकुंठपुर में प्रस्तावित लॉजिस्टिक पार्क को केन्द्र सरकार से प्राप्त सहमति के पश्चात राज्य शासन स्तर पर स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विषयों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा क्षेत्र के विकास के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर




राहुल खटीक को मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। राहुल ने कहा कि वे बैकुंठपुर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनहित से जुड़े कार्यों के लिए सदैव प्रतिबद्ध एवं समर्पित हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बैकुंठपुर क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### जिले में उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**सूरजपुर**। जिले में आज शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में किया गया। जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना, शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कान और उत्साह से गुलजार नजर आया। शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। माध्यमिक शाला ऊंचड़ी, प्रतापपुर के कन्या माध्यमिक शाला और उच्चतर माध्यमिक शाला लोलकी, रामानुजनगर के माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला बकना, ओडगी के उच्चतर माध्यमिक शाला लांजीत, प्रेमनगर के प्राथमिक शाला कनकपुर जैसी विभिन्न जगहों पर हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले के सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में अनुशासन, सहयोग, मित्रता और सामूहिक अध्ययन की भावना विकसित करना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी।

### विकासखंड शंकरगढ़ में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**शंकरगढ़**। नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ के साथ ही विकासखंड शंकरगढ़ के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में मंगलवार को उत्साह और उमंग के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालयों द्वार खुलते ही बच्चों की चहल-पहल और मुस्कान से स्कूल परिसर गुलजार हो उठे। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर अभिभावकों, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय पहुंचकर नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का स्वागत किया। बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मो. इस्माइल खान शासकीय हाई स्कूल घुघरी कला में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया तथा बच्चों का मुंह मीठा कराया। विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों का अवलोकन करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण किया। अधिकारियों ने विद्यालयों में प्रवेशोत्सव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मो. इस्माइल खान ने बताया कि शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ 16 जून से हो चुका है। सभी संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों की बैठक लेकर यह संकल्प लिया गया है कि नए शैक्षणिक सत्र को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। विद्यार्थियों को उनकी कक्षा एवं विषयानुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी शिक्षक पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

### बालिका खिलाड़ी का आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए चयन



**सूरजपुर**। खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित खेलो इंडिया सेंटर हराटिकरा की एक बालिका खिलाड़ी का चयन आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए हुआ। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने बालिका खिलाड़ी को फुटबॉल भेंट कर उसे प्रेरित किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि जिले की बेटियां खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं, जो पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने खिलाड़ी को आगे भी मेहनत और लगन से अभ्यास जारी रखने और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्रीमती आरती पांडेय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा खेलो इंडिया सेंटर हराटिकरा के प्रशिक्षक प्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे।

### किराना दुकान के आड़ में कर रहा था सप्लाई

# चार लाख रुपए के नशीले इंजेक्शन के साथ सप्लायर गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम के ऑपरेशन क्लीन को एक बार फिर न सिर्फ बड़ी सफलता हाथ लगी है बल्कि किराना दुकान के आड़ में नशीले इंजेक्शन की सप्लाई कर रहे युवक को धर दबोचा है। टीम ने युवक के दुकान से चार लाख कीमत के चार सौ नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने दो दिन के भीतर नशीले इंजेक्शन के कारोबारी व सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**खास बात**

- एक दिन पूर्व किया था 2 सौ नग नशीले इंजेक्शन की सप्लाई

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 15 जून आरोपी वाहिद अंसारी के कब्जे से 200 नग नशीला इंजेक्शन जब्त कर जेल दाखिल किया गया था। आरोपी से पूछताछ करने के दौरान उसने अपने बयान में बताया था कि उसने नशीले इंजेक्शन को इमलीपारा स्थित निजी अस्पताल के सामने किराना दुकान चला रहे मोशीम अंसारी से खरीद कर लाया था। आरोपी के बयान के आधार पर संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने 15 जून की दोपहर ही इमलीपारा निजी हॉस्पिटल के सामने मोशीम अंसारी के दुकान में छापामार कार्रवाई की। जब टीम दुकान में दबिश देने पहुंची तो दुकान संचालक मोशीम अंसारी दुकान में मौजूद था। दुकान की तलाशी लेने पर काउंटर के नीचे सफेद रंग के झोले से 4 लाख कीमत की 4 सौ नगर नशीले इंजेक्शन जब्त किया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी मोशीम अंसारी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी एवं 29 के तहत अपराध दर्ज कर विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्स के न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, रोहित सोनवानी सक्रिय रहे।



जब्त नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी व संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम।

**50 से अधिक प्रकरण कायम**

संभागीय आबकारी उड़न दस्ता टीम द्वारा संभाग के अलग-अलग क्षेत्र में नशे के कारोबारियों एवं सप्लायर सहित विक्रेताओं के विरूद्ध धर पकड़ की कार्रवाई लगातार की जा रही है। पिछले एक साल के भीतर ही पचास से अधिक प्रकरण कायम की गई है। ऐसे में अधिकांश नशे के कारोबारी जेल में है या अवैध नशे के कारोबार को बंद कर दिए है। जो नशीली दवाइयां चोरी छिपे कर रहे है उसके विरूद्ध संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने ऑपरेशन क्लीन अभियान चलाकर धर पकड़ करना शुरू कर दिया है।

**जारी रहेगा अभियान**

संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम द्वारा नशे के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध ऑपरेशन क्लीन अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत दो दिन के भीतर दो बड़ी कार्रवाई की गई और 6 सौ नग नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

-रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

# प्रेमिका को बुलाकर दुष्कर्म, बंधक बनाकर बेरहमी से की मारपीट, आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



प्रेम संबंध के नाम पर युवती को बुलाकर कथित रूप से दुष्कर्म, बेरहमी से मारपीट और फिर दुर्घटना की झूठी कहानी गढ़ने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, बेल्ट, डंडा और मोबाइल फोन जब्त कर न्यायालय में पेश किया है।

- गंभीर हालत में घायल युवती को अस्पताल में कराया गया था भर्ती, केस डायरी लटोरी चौकी थाना जयनगर थाना भेजी गई

लटोरी पुलिस ने बताया कि अंबिकापुर से लगे एक गांव की एक युवती को 10 जून को उसके प्रेमी 25 वर्षीय अभिषेक सिंह पिता नरेंद्रनाथ सिंह निवासी श्यामनगर भटगांव ने फोन कर चठिरमा पेट्रोल पंप के पास बुलाया था। युवती के पहुंचने पर आरोपी उसे अपनी मोटरसाइकिल में बैठाकर लटोरी होते हुए श्यामनगर ले गया। वहां आरोपी ने युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी को युवती पर किसी अन्य युवक से बातचीत करने का शक था। इसी बात को लेकर वह नाराज था। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद उसने युवती की बेल्ट, डंडे, हाथ और मुक्कों से बेरहमी से पिटाई की जिससे युवती को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी ने युवती को अपने घर में बंधक बनाकर रखा। अगले दिन मामले को छिपाने के लिए उसने दुर्घटना होने की झूठी कहानी रची और घायल युवती को जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया। साथ ही युवती के परिजनों को भी यह सूचना दी गई कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। जब युवती के परिजन जिला अस्पताल सूरजपुर पहुंचे तो उसकी गंभीर हालत देखकर उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान युवती ने अपने परिवार वालों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने थाना गांधीनगर में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। बाद में प्रकरण की डायरी चौकी लटोरी थाना जयनगर को भेजी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में लटोरी पुलिस ने मामले की जांच करते हुए साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान आरोपी अभिषेक सिंह को 16 जून को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने युवती पर दूसरे युवक से बात करने के शक की बात स्वीकार करते हुए इसी कारण नाराज होकर मारपीट करने की बात बताई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, बेल्ट, डंडा और मोबाइल फोन जब्त किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय सूरजपुर में पेश कर दिया गया है। कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण गुप्ता के अलावा आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल, सोमनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का और कुंदलाल सक्रिय रहे।

# अपचारी बालकों ने तोड़ी महात्मा गांधी की प्रतिमा, एक हिरासत में




अंबिकापुर। गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित करने के मामले में जानकारी सामने आई है। प्रतिमा को नाबालिग बच्चों ने तोड़ा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में दो नाबालिग आरोपियों की पहचान कर ली गई है। इनमें से एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ लिया है इसके साथ ही दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

- दाहिना हाथ, डंडा व चश्मे का एक हिस्सा तोड़ा

बता दें कि सोमवार को गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित करने का मामला सामने आया था। महात्मा गांधी जी का दाहिना हाथ, डंडा और चश्मा का भाग टूटा हुआ था। इस बात की जानकारी सामने आने के बाद लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही थी। इस घटना को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। इधर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने भी इस मामले की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए थे। सार्वजानिक संपत्ति और महा पुरुष की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 196(1), 299, 324(5) एवं धारा 3 सार्वजनिक संपति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस व साइबर सेल ने सीसीटीवी की जांच की। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि दो नाबालिग बदमाशों द्वारा प्रतिमा के हाथ, छड़ी को तोड़ दिया गया और वहीं फेंक कर भाग गए। पुलिस ने दोनों बालकों की पहचान कर ली है और इनमें से एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही पुलिस दूसरे अपचारी बालक की तलाश कर रही है। वहीं नगर निगम व संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर क्षतिग्रस्त प्रतिमा के पुर्नस्थापना एवं मरम्मत कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है।

## सुरक्षा व्यवस्था पर लगा प्रश्न चिन्ह, कार्रवाई की मांग



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित किए जाने जाने को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता की नयी प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही साथ प्रतिमा खंडित करने वाले पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को यह जानकारी मिली थी कि गांधी चौक स्थित राष्ट्रपति की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया है। ऐसा दूसरी मर्तबा हो रहा है कि गांधीचौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित किया गया है। ज्ञापन सौपने के बाद मीडिया से बातचीत में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरगुजा पुलिस अधीक्षक के निवास के ठीक बगल में गांधीजी की प्रतिमा के साथ यह बर्ताव सुरक्षा व्यवस्था पर गहरे प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान माहौल में यह गंभीर जांच का विषय है कि कहीं इसके पीछे कोई मनोविकार वाली सुनियोजित विचारधारात्मक सोच तो नहीं है। उन्होंने कलेक्टर से तत्काल सम्मानजनक तरीके से नयी प्रतिमा को स्थापित करने की मांग की है साथ ही प्रतिमा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की है। सरगुजा कलेक्टर ने प्रतिनिधी मंडल को यह जानकारी दी है कि सरगुजा एसपी द्वारा इस मामले की गहन जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है। जांच के निष्कर्ष को शीघ्र साझा किया जाएगा। इस दौरान द्वितेन्द्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, मो. इस्लाम, विनित विशाल जायसवाल, अमित सिंह एवं रत्नेश कुमार शामिल थे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में आएंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में प्रथम निर्वाचन प्रक्रिया के संपन्न होने उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज बुधवार 17 जून को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे,कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे, अन्य विशिष्ट अतिथियों में केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े, रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने मंगलवार को आयोजन स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण किया।

- शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का सूरजपुर कलेक्टर ने किया निरीक्षण
- शपथ ग्रहण समारोह को भव्य रूप देने की तैयारी पूर्ण, भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था, मंच, पेयजल, वीआईपी मूवमेंट एवं सुरक्षा मानकों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समारोह की प्रत्येक व्यवस्था सुचारू एवं गरिमापूर्ण हो तथा किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित रितेश जायसवाल सहित सभी 15 वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षद 17 जून को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेंगे। नगर पंचायत के गठन के उपरांत यह प्रथम अवसर होगा जब निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की परिषद शिवनंदनपुर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ करेगी।

**कांग्रेसी पार्षदों ने अलग से शपथ दिलाने एसडीएम को दिया ज्ञापन**

बुधवार को नगर पंचायत शिवनंदनपुर के प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने मंगलवार को सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत शिवनंदनपुर कार्यालय में अपराह्न 3 बजे कांग्रेसी पार्षदों को अलग से पद व गोपनीयता की शपथ दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशि सिंह, रमेश दनोदिया, इस्माइल खान, संजय सोनी, विकास सिंह पार्षद चंदन सिंह, अंशुल गोयल, हर्ष दनोदिया,विमला सिंह, बिजेंद्र सिंह, दीपमाला सोनी, संतोष जायसवाल व अन्य उपस्थित रहे।

# प्रतापपुर के बीईओ बने पांडे

**प्रतापपुर**। विकासखंड में एक दशक बाद प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी की जगह नया बीओ अरुण पांडे को नियुक्त किया गया है। लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों और लगातार हो रही शिकायतों के बीच यह फैसला बड़ी राहत माना जा रहा है।

ज्ञात हो कि प्रतापपुर विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार गंभीर शिकायतें सामने आती रही हैं। जनप्रतिनिधियों, पालकों, शिक्षकों और ग्रामीणों द्वारा कई बार कलेक्टर, संभागायुक्त तथा उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी गईं। आरोप लगते रहे कि स्कूलों की व्यवस्था बिगड़ती जा रही है, शिक्षा का स्तर प्रभावित हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी करीब 10 वर्षों तक प्रतापपुर में जमे है। कई गंभीर आरोपों और विवादों के बाद उन्हें प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष लगातार बढ़ता गया। क्षेत्रवासियों का मानना है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ रहने के कारण शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया। शासन द्वारा स्थानांतरण आदेश जारी कर अरुण कुमार पांडे को प्रतापपुर का नया विकासखंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर ने शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने विगत दिवस नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का रात्रिकालीन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्विमिंग पूल, चौपाटी, कृष्ण कुंज एवं सब्जी मार्केट का भ्रमण किया।


चौपाटी क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि चौपाटी में नियमित एवं बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग यहां खान पान के लिए पहुंचते हैं, इसलिए स्वच्छता एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने चौपाटी क्षेत्र में मवेशियों के विचरण पर भी चिंता व्यक्त करते हुए उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। सब्जी बाजार के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अग्रसेन चौक में लगने वाली सब्जी दुकानों को व्यवस्थित रूप से निर्धारित सब्जी मार्केट में संचालित कराने के निर्देश दिए ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। स्विमिंग पूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वहां की सदस्यता, संचालन व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने कृष्ण कुंज का निरीक्षण कर वहां रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन में महिला यात्री की बैग और दो मोबाइल चोरी

**रायगढ़**। नर्मदा एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक महिला यात्री चोरी की वारदात का शिकार हो गई। महिला ने आरोप लगाया है कि यात्रा के दौरान अज्ञात चोरों ने उसका बैग और दो मोबाइल फोन पार कर दिए। मामले की शिकायत रायगढ़ जीआरपी थाने में दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार रायगढ़ के इंदिरा नगर निवासी श्रीमती पद्मावती थवाईत अपने पति अरुण कुमार थवाईत के साथ 13 जून को नर्मदा एक्सप्रेस से उज्जैन से बिलासपुर की यात्रा कर रही थीं। दोनों का आरक्षण बी.4 कोच की सीट नंबर 5 और 6 पर था। पीड़िता के मुताबिक रात करीब 12 बजे वह सो गई थीं। सुबह लगभग 6 बजे जब ट्रेन नीवार स्टेशन के पास पहुंची तो उनकी नींद खुली। इस दौरान तकिए के पीछे रखा पर्स और सीट के नीचे रखा काले रंग का बैग गायब मिला। कोच में तलाश करने पर पर्स ट्रेन के शौचालय में मिला, लेकिन उसमें रखे दोनों मोबाइल फोन चोरी हो चुके थे। महिला ने बताया कि चोरी हुए सामान में 2 मोबाइल, पावर बैंक, मोबाइल चार्जर, कॉस्मेटिक सामग्री और कुछ कपड़े शामिल हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 90 हजार रुपए बताई गई है। यात्रा समाप्त होने के बाद बिलासपुर से रायगढ़ के लिए तत्काल ट्रेन मिलने के कारण वह शिकायत दर्ज नहीं करा सकीं। बाद में उन्होंने रायगढ़ जीआरपी थाने पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। जीआरपी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और चोरी गए मोबाइलों की तलाश की जा रही है।

## दैनिक प्रार्थना गतिविधियों पर किया जाए पुनर्विचार कांग्रेस अल्प संख्यक प्रकोष्ठ ने सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर**। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों के लिए अनिवार्य किए गए दैनिक प्रार्थना गतिविधियों पर पुनर्विचार की मांग को लेकर कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने सरगुजा कलेक्टर को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। राज्य सरकार ने स्कूलों के लिए जो दैनिक प्रार्थना नियम जारी किए है वो एक धर्म विशेष की धार्मिक आस्थाओं पर आधारित है। सरकार का यह आदेश देश की धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुकूल नहीं होने के कारण अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रशीद अंसारी के नेतृत्व में पुनर्विचार के निवेदन के साथ एक ज्ञापन सौंपा है।



अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रशीद अहमद अंसारी ने कहा कि देश मे पेपर लीक, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा में अव्यवस्था जैसे मुद्दों पर काम करने की आवश्यकता है। इन मुद्दों पर काम करने के बजाय सरकार स्कूलों को बेवजह साम्प्रदायिक राजनीति का अखाड़ा बना रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि वो इस आदेश पर पुनर्विचार करे। अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल ने कहा कि कांग्रेस ने देश के बहुधार्मिक चरित्र को ध्यान रखकर देश मे शिक्षा क्षेत्र में धर्म के बजाय वैज्ञानिक सोच बढ़ाने की आवश्यकता को समझ शिक्षा नीतियों के बनाया था।

## पीजी कॉलेज ने प्रवेश के लिए जारी की मेरिट सूची

अम्बिकापुर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2026- 27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं के लिए मेरिट लिस्ट 16 जून को जारी कर किया गया है। जिले का एकमात्र स्वशासी महाविद्यालय है जहां पिछले दो वर्षो से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू है। प्रथम सेमेस्टर के अंतर्गत बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए का प्रवेश 16 जून से शुरू हो गया है। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत ऑनर्स पाठ्यक्रम संचालित है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर में मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश दिया जा रहा है तथा छात्रों को शुल्क जमा करने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है।



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

लाइफ Style

# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय'में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।




हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्स: डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे दर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।


## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।



# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट



कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गईं।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

*नई दिल्ली। फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



***बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :*** *इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

## आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

*नई दिल्ली। हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरे-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सूखे कुएं में गिरा ग्रामीण उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। प्रतापपुर थाना अंतर्गत कोड़ाकू पारा निवासी रति राम आ. रोपन कोड़ाकू (46 वर्ष) 12 मई की शाम पत्नी फूलमती के साथ बस्ती की ओर से घूम कर घर आ रहे थे। जैसे ही घर के समीप पहुंचे तभी अंधेरा हो जाने के कारण रति राम कुआं में गिर गया। इधर पीछे से आ रही पत्नी ने पति को कुआं में गिरते देख शोर मचाने लगी तो पुत्र राज कुमार सहित पड़ोसी कमलेश, मदन सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल झेलगी के सहारे रतिराम को कुआं से बाहर निकाले। रति राम की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### 11 ट्रक और 33 बसों से जब्त किए गए प्रेशर हॉर्न

अंबिकापुर। सरगुजा पुलिस ने प्रेशर हॉर्न के खिलाफ बड़ी कारवाई की है। यातायात पुलिस की टीम ने 11 ट्रक और 33 बसों से प्रेशर हॉर्न को जब्त किया है और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने सरगुजा में प्रेशर हॉर्न के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। निर्देश के तहत सरगुजा यातायात पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन कर प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। 16 जून को चेकिंग के दौरान 11 ट्रक चालकों एवं 33 बस चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 119(2) के तहत कार्रवाई करते हुए प्रेशर हॉर्न जब्त करने के साथ ही 11 ट्रक चालकों से 22 हजार और 33 बस चालकों से 66 हजार रूपए का सामान शुल्क वसूल किया गया।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

अम्बिकापुर। लखनपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। एनएच 130 पर ग्राम जूनाडीह स्थित चुल्हट नाला के पास दो बाइक टकरा गए जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आमगांव निवासी राजू (40 वर्ष) अपने भतीजे उकेश के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ग्राम चैनपुर निवासी अंकित गुप्ता की बाइक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में तीनों बाइक सवार दूर जा गिरे तथा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनपुर में चल रहा है। दूसरी घटना ग्राम लोसंगी नर्सरी के पास की है जहां तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। दुर्घटना में कार सवर शिक्षक तीरथ राम साहू एवं उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आई है। शिक्षक सत्र के प्रथम दिवस अरगोती मिडिल स्कूल में अपने पत्नी के साथ पहुंचे थे। घर लौटने के दौरान चालक को झपकी आ गई तथा कार पलट गई जिससे दंपति वाहन में फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला गया। शिक्षक दंपति का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।

## सूरजपुर जिला अस्पताल का मामला

# ऑपरेशन के दौरान गलत इंजेक्शन लगने से शिशु एवं प्रसूता की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप, ऑपरेशन थिएटर में रुक गई सांस

सूरजपुर जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान नव विवाहिता और उसके पेट में पल रहे बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। प्रसव के दौरान लगाए गए इंजेक्शन के बाद ऑपरेशन थिएटर में ही महिला की तबियत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है। इधर प्रसूता की मौत के मामले में विभाग ने जांच टीम का गठन किया है।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के रामनगर क्षेत्र में रहने वाले सूरज मानिकपुरी की 19 वर्षीया पत्नी पूजा मानिकपुरी को प्रसव पीड़ा होने पर मंगलवार की सुबह 9 बजे जिला अस्पताल के मातृत्व शिशु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान प्रसव पीड़ा अधिक होने पर अस्पताल में चिकित्सकों ने ऑपरेशन का निर्णय लिया और ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। इस दौरान महिला को ऑपरेशन से पहले के इंजेक्शन लगाए गए। इंजेक्शन लगने के साथ ही महिला की तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही समय में उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। महिला के पति सूरज मानिकपुरी ने इस मामले में अस्पताल प्रबन्धन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पति का कहना है कि प्रसव पीड़ा के बाद इलाज में लापरवाही की गई और गलत तरीके से इंजेक्शन लगाया गया। इंजेक्शन के रिएक्शन और लापरवाही के कारण उसके पत्नी और गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार सदमें में है। सूरज और पूजा मानिकपुरी का विवाह पिछले वर्ष जून में ही हुआ था। मृतिका के पति और परिजन ने इस मामले में जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।


अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन।

### स्वांस नली में उल्टी फंसने से मौत

इधर नव विवाहिता प्रसूता और 9 महीने के बच्चे के गर्भ में मौत को लेकर अस्पताल प्रबंधन का अपना अलग ही दावा है। अस्पताल में पदस्थ ड्यूटी डॉक्टर गरिमा सिंह का कहना है कि प्रसूता को अस्पताल में सुबह 9 बजे भर्ती कराया गया था। प्रसूता को लेबर पेन हो रहा था और उसका बीपी बढ़ा हुआ था। महिला को ऑपरेशन के लिए ले गए। इस दौरान ऑपरेशन से पहले के इंजेक्शन लगाए गए जिसे बाद उसे उल्टी होने लगी। उल्टी को महिला ने खींच लिया जो स्वांस नली में चली गई जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं महिला को इंजेक्शन से रिएक्शन के मामले में चिकित्सक का कहना है कि कुछ लोगों को रिएक्शन होता है और उससे स्वांस नली फूल जाती है। अस्पताल प्रबंधन ने किसी भी प्रकार की लापरवाही से इनकार किया है। इधर इस मामले में सीएमएचओ ने जांच के निर्देश दिए है और टीम का गठन किया गया है।

### दिए गए है जांच के निर्देश

प्रसूता के मौत की सूचना मिल है। इस मामले में जांच के लिए टीम का गठन किया गया है। जांच के बाद यदि लापरवाही सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-कपिलदेव पैकरा
सीएमएचओ सूरजपुर

# फर्जी हस्ताक्षर कर बनाई नई चौहद्दी करा ली 3.14 एकड़ भूमि की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर ने दिए अपराध दर्ज करने के निर्देश, जांच में हुई धोखाधड़ी की पुष्टि

24 डिसमिल भूमि का सौदा कर 3.14 एकड़ भूमि की धोखाधड़ी कर रजिस्ट्री कराने के मामले में फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई है। जांच में सामने आया कि पटवारी ने 24 डिसमिल जमीन की चौहद्दी बिक्री के लिए बनाई थी। यह चौहद्दी रजिस्ट्री दस्तावेज में नहीं लगाई गई है। जमीन दलालों ने सावित्री देवी के फर्जी हस्ताक्षर से नई चौहद्दी बना ली, जिसमें पूरी जमीन की बिक्री के लिए तैयार किया गया है। जांच के बाद कलेक्टर ने तहसीलदार को अपराध दर्ज कराने के निर्देश दिए है।

बता दें कि भिट्ठीकला महुआटिकरा निवासी श्रीमती सावित्री यादव पति स्व. बंधन यादव के साथ ही बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। इस दौरान विधवा महिला ने बताया था कि भिट्ठीकला तहसील अम्बिकापुर मे भूमि खसरा कमांक 782, 783, 790 रकबा क्रमशः 0.680, 0.502, 0.089 कुल रकबा 1.271 हे. भूमि स्थित है। महिला का रायपुर मालती स्टाइल महोबा बाजार कोटा रोड निवासी पुष्पा अग्रवाल पति अनिल अग्रवाल से उक्त भूमि में से महज 24 डिसमिल भूमि को 3 लाख रूपए प्रति डिसमिल के हिसाब से कुल 72 लाख रूपए में बिक्री करने का सौदा हुआ था लेकिन पुष्पा अग्रवाल, अनिल अग्रवाल के साथ ही भू माफिया भिट्ठीकला निवासी डोमन राजवाड़े आ. प्रभु, सागर विश्वकर्मा, जीतन विश्वकर्मा, आशीष उर्फ बाबा व संजय गुप्ता आ. बसंतलाल गुप्ता के द्वार षड्यंत्र पूर्वक सम्पूर्ण रकबा से 1.271 हेक्टेयर (3.14 एकड़) भूमि का धोखाधड़ी करते हुये फर्जी विकय पत्र 15 मई 2026 को निष्पादित करा लिया गया है। 24 डिसमिल का सौदा कर 3.14 एकड़ भूमि की रजिस्ट्री कराने से परिवार को करोड़ो का नुकसान हो रहा है इसके साथ ही परिवार को धमकी दी जा रही है। कलेक्टर ने महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए श्रीमती सावित्री यादव पति स्व. बंधन यादव के स्वामित्व की ग्राम भिटठीकला तहसील अम्बिकापुर में स्थित भूमि खसरा कमांक 782, 783, 790 रकबा क्रमशः 0.680, 0.502, 0.089 कुल रकबा 1.271 हे. भूमि के कय-विक्रय पर आगामी आदेश पर्यन्त तक के लिए रोक लगाने के साथ ही जांच के निर्देश दिए थे।



### एसडीएम की जांच में पुष्टि

कलेक्टर अजीत वंसत के निर्देश पर एसडीएम द्वारा जांच की गई। जांच में यह सामने आया कि पटवारी ने 24 डिसमिल जमीन की चौहद्दी बिक्री के लिए बनाई थी। यह चौहद्दी रजिस्ट्री दस्तावेज में नहीं लगाई गई है। जमीन दलालों ने सावित्री देवी के फर्जी हस्ताक्षर से नई चौहद्दी बना ली, जिसमें पूरी जमीन की बिक्री के लिए तैयार किया गया है। उस फर्जी चौहद्दी में सावित्री यादव का हस्ताक्षर भी वास्तविक हस्ताक्षर से अलग है। इतना ही नहीं इस मामले में बाद में सुलहनामें की भी कोशिश की गई लेकिन परिवार अपनी शिकायत पर अडिग रहा। इसी मामले में कूटरचित दस्तावेजों से रजिस्ट्री कराने वाले रायपुर कोटा रोड महोबा बाजार निवासी पुष्पा अग्रवाल पति अनिल अग्रवाल, सागर विश्वकर्मा, डोमन राजवाड़े आ. प्रभु, जीतन विश्वकर्मा, आशीष उर्फ बाबा, दस्तावेज लेखक, कमर कादरी आ. स्व. अब्दुल वाहिद के विरूद्ध कलेक्टर द्वारा बीएनएस की धारा के तहत अपराध दर्ज करने का निर्देश तहसीलदार को दिया गया है।

# ईंट भट्ठा की आग में झुलसा ग्रामीण, उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम डबरा डुमरखोला निवासी पवन पोया आ. शिव सागर (42 वर्ष) घर बनाने के लिए ईट बनाए थे। 24 मई को कच्चा ईट को पकाने के लिए परिवार के लोग भट्ठा में लकड़ी को रख कर रात लगभग 9 बजे दोमुंहा चूल्हा में आग लगाकर घर आ गए। दूसरे दिन दोपहर 1 बजे पवन ईट भट्ठा को देखने गया था। इसी दौरान छोटी बेटी पिंकी ने आकर मां को बताया कि ईट भट्ठा के चारों ओर आग लग गया है। बच्ची की बात सुनकर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे तो देखा पवन आग की चपेट में आने से पास ही गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। परिजन ने पूछताछ किया तो पवन ने बताया कि वह भट्ठा पर चढ़कर आग जला रहा था तभी भट्ठा धस गया और आग की चपेट में आ गया। परिजन पवन को गंभीर हालत में बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ग्रामीण की हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### 15 अगस्त तक क्लोज सीजन अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध

अम्बिकापुर। मछली पालन विभाग के उपसंचालक ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन)को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। राज्य के सभी नदियों-नालों, छोटी नदियों, सहायक नदियों जिन पर सिंचाई के बड़े या छोटे तालाब जलाशय निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार के मत्स्याखेट इस अवधि में पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

# ग्राम गंझाडांड़ में कूटरचित वन अधिकार पत्र निरस्त, एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

**अम्बिकापुर**। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा ग्राम गंझाडांड़ तहसील लुण्ड्रा में कूटरचित वन अधिकार पत्र के आधार पर भूमि पर कब्जा किए जाने के प्रकरण में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए संबंधित वन अधिकार पत्रों को निरस्त कर दिया गया है तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गंझाडांड़ के समस्त ग्रामवासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की गई थी कि अनावेदक अशोक कुजूर के परिवार द्वारा ग्राम गंझाडांड़ स्थित भूमि खसरा क्रमांक 80/1 रकबा 19.641 हेक्टेयर भूमि में से 0.405 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। साथ ही अनावेदक जगत रानी एवं बिन्यामिन कुजूर द्वारा कथित रूप से फर्जी पट्टा बनवाकर भूमि पर दावा किया गया, जबकि उक्त भूमि पशुओं के चराई स्थल एवं आरक्षित भू-खण्ड के रूप में उपयोग में रही है। प्रकरण में आवेदकों के आवेदन के आधार पर सुनवाई की गई तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धौरपुर से जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में यह तथ्य सामने आया कि जगतरानी एवं बिन्यामिन कुजूर के नाम जारी वन अधिकार पट्टों में अंकित राजस्व प्रकरण क्रमांक एक समान है तथा अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय के दायरा पंजी में उक्त प्रकरण दर्ज नहीं है। साथ ही सील-मुद्रा एवं हस्ताक्षरों में भी भिन्नता पाई गई। अधीक्षक भू-अभिलेख, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अम्बिकापुर की संयुक्त जांच में यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित वन अधिकार मान्यता पत्र कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से जारी नहीं किए गए हैं तथा प्रथम दृष्टया कूटरचित एवं अवैध प्रतीत होते हैं। प्रकरण के परीक्षण उपरांत कलेक्टर ने दोनों कूटरचित वन अधिकार पत्र क्रमांक 21/121(5)/2007-08 को निरस्त करते हुए ग्राम गंझाडांड़ तहसील लुण्ड्रा स्थित खसरा क्रमांक 80/13 की कुल 1.800-1.800 हेक्टेयर भूमि को पूर्ववत शासकीय मद में दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही बिन्यामिन कुजूर एवं जगतरानी के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धौरपुर को निर्देशित किया गया है।

# जिंदल पावर में विशेषज्ञों ने दी चार नए श्रम कानूनों की जानकारी

रायगढ़। चार नए श्रम कानूनों की जानकारी देने के लिए जिंदल पावर द्वारा वर्कशाप का आयोजन गारे पेलमा मांइस में किया गया। इस वर्कशाप में विभिन्न कंपनियों के कर्मचारी व ठेका श्रमिक शामिल हुए। नए श्रम कानूनों के बारे में जानकर उन्हें लाभ हुआ। ज्ञात हो पूर्व में 29 प्रकार के श्रम कानून प्रचलित थे। इन सभी 29 पुराने और जटिल श्रम कानूनों को सरल बनाकर भारत सरकार द्वारा चार नए लेबर कोड बनाए गए हैं। इन कानूनों का मुख्य उद्धेष्य कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा और बेहतर वेतन देना है। वर्कशाप का मुख्य उद्धेष्य अधिकारियों, एचआर पेशेवरों, व्यावसायिक सहयोगियों एवं परिचालन से जुड़े हितधारकों के बीच बदलते श्रम कानून ढांचे के प्रति जागरूकता एवं समझ को बढ़ाना था। कार्यषाला में बिलासपुर क्षेत्रीय श्रम आयुक्त केंद्रीय प्रवीण कुमार तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी यकेंद्रीय अभिशेक सिंह चैहान उपस्थित रहे। तकनीकी सत्र के दौरान विषेशज्ञों ने नए चारों श्रम संहिताओं के प्रमुख प्रावधानों, उसके उद्धेश्य एवं अनुपालन संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में गारेपेलमा माइंस 4/2/3 के वाइस प्रेसीडेंट गोविंद कुमार, माइंस मैनेजर गारेपेलमा 4/1 सुधीर कुमार चौधरी, सीएचआरओ जिंदल पावर आशीष कुमार माइंस एवं सीपीपी एचआर हेड संतोष कुमार द्विवेदी, सीएचआरओ जिंदल सीमेंट शिविर शुक्ला माइंस मैनेजर जीपी 4/6 खेडिया, एचआर हेड झज्जरसुश्री गुरप्रीत कौर आदि उपस्थित थे। इनके अलावा विभिन्न कंपनियों हिंडालको, शारडा एनर्जी, अडाणी, अंबुजा सीमेंट, जिंदल स्टील एवं जिंदल सीमेंट सहित विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारी व ठेका श्रमिक शामिल हुए।

## निधन

### मनोज सिंह



**बैकुण्ठपुर**। सूरजपुर जिले में डीएसबी शाखा में पदस्थ बैकुंठपुर निवासी पुलिस कर्मी मनोज सिंह का रायपुर के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे करीब 56 वर्ष के थे। स्व. सिंह कोरिया पुलिस में लंबे समय तक सेवाएं दिए थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## कलेक्टर ने सहायता राशि उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# महिला ने लगाई गुहार, दुर्घटना में पति की हो गई है मौत, नहीं मिली है आर्थिक सहायता

**रायगढ़**। ग्राम बड़गांव की लताबाई ने सड़क दुर्घटना में पति की मृत्यु के छह माह बाद भी आर्थिक सहायता नहीं मिलने की समस्या रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को शीघ्र कार्रवाई कर पात्र सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वहीं ग्राम कंवरिहा के हलधर पटेल ने नहर निर्माण के दौरान निर्धारित सीमा से अधिक भूमि उपयोग किए जाने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर आवश्यक जांच के निर्देश दिए गए। ग्राम साल्हेओना के नंदलाल साव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी। जनदर्शन में ग्राम पंचायत रेगड़ा के वार्ड क्रमांक 2 के पंच ने सीसी रोड निर्माण के लिए स्वीकृत राशि के कथित दुरुपयोग की शिकायत करते हुए सड़क निर्माण कराने की मांग की। कलेक्टर ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम काशीचुवां की ताराबाई साहू ने ईंट भट्ठे में कार्य करने के बावजूद मजदूरी भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम किस्त, फसल मुआवजा, विद्युत लाइन विस्तार, शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, भूमि सीमांकन तथा वन अधिकार पट्टा से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए।



# सड़क किनारे पेड़ पर बांस-बल्ली, दुर्घटना की आशंका, ग्रामीणों ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज : कटेली

बिलासपुर मार्ग पर ग्राम पंचायत चंदाई में सड़क किनारे स्थित नीम के पेड़ पर बांस बल्ली को असावधानीपूर्वक खड़ा कर रखे जाने से दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात और तेज आंधी तूफान के दौरान सड़क किनारे रखा गया बांस बल्ली गिर सकता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों तथा आसपास के लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।चंदाई गांव में आवासीय मकानों एवं आईटीआई परिसर की बाउंड्रीवाल के पास सड़क किनारे नीम के पेड़ में बांस.बल्ली विक्रय हेतु रखी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार तेज हवा के दौरान बांस बल्ली हिलने और गिरने की स्थिति बन जाती है, जिससे सड़क पर आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आईटीआई के विद्यार्थियों एवं राहगीरों ने भी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन जिले के कई वरिष्ठ अधिकारियों का आवागमन होता है।



मामला जानकारी में है और वे स्वयं मौके का निरीक्षण कर चुके हैं। संबंधित लोगों द्वारा शासन से अनुमति ली गई है। हालांकि सुरक्षा संबंधी पहलुओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

सेवक राम बैगा, सामान्य वन परिक्षेत्र अधिकारी सारंगढ़

## पृष्ठ 1 का शेष

### असाटी महिला समिति...

कि महिला समिति की मासिक बैठक प्रत्येक माह किसी एक सदस्य के निवास पर आयोजित की जाएगी। साथ ही सामाजिक मेलजोल और आर्थिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीसी खेलने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने सामाजिक एकता, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक का समापन स्वल्पाहार के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर छग महिला समिति की प्रांतीय सदस्य श्रीमती भावना गुप्ता, अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता गुप्ता, श्रीमती अभिलेख गुप्ता, श्रीमती अंजना गुप्ता, श्रीमती हेमलता गुप्ता, श्रीमती संगीता गुप्ता, श्रीमती अनामिका गुप्ता, श्रीमती स्वाति गुप्ता सहित सिद्धि एवं जागृति उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को महिलाओं ने अत्यंत प्रेरणादायी एवं उपयोगी बताया।

# शाउमावि चांदमारी में शाला प्रवेशोत्सव

**रायगढ़**। शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संयुक्त रूप से शासन के मंशानुरूप विभागीय निर्देश अनुसार प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव के प्रभावी मार्गदर्शन में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती शोभा शर्मा, वरिष्ठ सदस्य, अधिवक्ता, छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के सदस्य गुलाम रहमान, पार्षद वार्ड क्रमांक 10 मो.नवाब खान राजकुमारी नाग, गणमान्य नागरिक, पालकगण तथा शालेय परिवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ एवं मंचासीन अतिथियों का आत्मीय स्वागत शालेय परिवार द्वारा किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों एवं शालेय शिक्षकों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को रोली तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्हें पाठ्य पुस्तक और गणवेश भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी में नवपदस्थ व्याख्याता रसायनशास्त्र सुमन सिंह का स्वागत मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस पुनीत अवसर पर 5वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभावान विद्यार्थियों क्रमशः जयकुमारी नाग व रूद्र कसेरा एवं उनके अभिभावकों को शालेय परिवार की ओर से उपहार प्रदान कर अतिथियों द्वारा करतल ध्वनि के मध्य सम्मानित किया गया। और भविष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया।



CARDINAL WARRIORS
School with Josh & Hosh
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Affordable School + Sainik School Preparation
"Build Discipline, Intelligence & Future Defence Leaders from Early Classes"
★ Integrated Abacus + Vedic Maths
★ AISSEE Exam Preparation (No Extra Cost)
★ Focus on NDA + SSB Foundation
★ Modern Science & Technology Lab
★ Separate Boys and Girls Hostel
★ Admission Closing Soon
Limited Seats - Register Now
7880006456
Major Pravin Singh (Retd.)
Branch
Raipur, Bhilai, Manendragarh
NH 43, Lai Village, Near Hasdeo River Bridge, Manendragarh 497442

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त